इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

# प्रेस विज्ञप्ति 16.10.2025

## 30 सितम्बर, 2025 को समाप्त तिमाही/छमाही हेतु वित्तीय परिणाम

| | | | |
|---|---|---|---|
| बैंक का वैश्विक कारोबार 12.34% वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ ₹13.97 लाख करोड़ | निवल लाभ 17.24% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ ₹5991 करोड़ | एनएनपीए 11 बीपीएस वर्ष-दर-वर्ष की गिरावट के साथ 0.16% | आस्तियों पर प्रतिलाभ 1.33% |

## प्रमुख विशेषताएं (सितम्बर 2024 के सापेक्ष सितम्बर 2025 को समाप्त तिमाही)

- **निवल लाभ** सितम्बर 2024 में **₹ 2707** करोड़ के सापेक्ष सितम्बर 2025 में **11.49%** वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ **₹3018** करोड़ रहा।
- **परिचालन लाभ** सितम्बर 2024 में **₹4728** करोड़ के सापेक्ष सितम्बर 2025 में **2.31%** वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि के साथ **₹4837** करोड़ रहा।
- **निवल ब्याज आय** सितम्बर 2024 में **₹6194** करोड़ के सापेक्ष सितम्बर 2025 में **5.76%** वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि के साथ **₹6551** करोड़ रही।
- सितम्बर 2025 में **आस्तियों पर प्रतिलाभ** (RoA) **1.32%, इक्विटी पर प्रतिलाभ (RoE) 19.58%** रहा।
- **अग्रिमों पर प्रतिफल (YoA)** सितम्बर'25 में **8.40%** रहा।
- **जमा पर लागत** सितम्बर 2024 में **5.13%** के सापेक्ष सितम्बर 2025 में **12 बीपीएस** सुधरकर **5.01%** रहा।
- **सकल अग्रिम** सितम्बर 2024 में **₹550644** करोड़ के सापेक्ष सितम्बर 2025 में **12.65%** वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि के साथ **₹620324** करोड़ रहा।
- **रैम** (खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई) अग्रिम सितम्बर 2024 में **₹325050** करोड़ के सापेक्ष सितम्बर 2025 में **15.57%** वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि के साथ **₹375660** करोड़ हो गया।
- सकल देशी अग्रिमों में **रैम (RAM)** का योगदान **65.50%** रहा। **खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई** अग्रिम में वर्ष-दर-वर्ष क्रमशः **18.58%, 13.98%** एवं **14.10%** की वृद्धि हुई। सितम्बर 25 में **आवास ऋण (बंधक सहित)** में **12.68%** वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि हुई।
- **प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम 40%** की विनियामक अपेक्षाओं के सापेक्ष सितम्बर' 25 में एएनबीसी के प्रतिशत के रूप में **₹206149** करोड़ होकर **42.51%** रहा।
- **कुल जमाराशि** सितम्बर 2024 में **₹693115** करोड़ के सापेक्ष सितम्बर 2025 में **12.09%** वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि के साथ **₹776946** करोड़ हो गई। चालू, बचत एवं कासा जमाराशि में वर्ष-दर-वर्ष क्रमशः **11.40%, 6.59%** एवं **7.23%** की वृद्धि हुई।
- **देशी कासा (CASA) अनुपात** यथास्थिति 30 सितम्बर 2025 को **38.87%** रहा।

- **सीडी अनुपात** यथास्थिति 30 सितम्बर 2025 को **79.84%** रहा।
- **सकल अनर्जक आस्तियां** सितंबर 2024 में **3.48%** के सापेक्ष **88 बीपीएस** वर्ष-दर-वर्ष घटकर सितंबर 2025 में **2.60%** हो गईं, **एनएनपीए** सितंबर 2024 में **0.27%** के सापेक्ष **11 बीपीएस** घटकर सितंबर 2025 में **0.16%** हो गईं।
- **प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर, टीडब्ल्यूओ सहित)** सितम्बर 2024 में **97.60%** के सापेक्ष **68 बीपीएस** वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ सितम्बर 2025 में **98.28%** हो गई।
- **स्लिपेज अनुपात** सितंबर 2024 में **1.06%** के सापेक्ष में सितंबर 2025 में **0.79%** तक सीमित रहा।
- **पूंजी पर्याप्तता अनुपात 17.31%** रहा। सितम्बर 2025 में सीईटी-I **14.80%** एवं **टियर I पूंजी 15.27%** रहा।
- **प्रति शेयर आय (EPS)** सितंबर 2024 में **₹80.37** के सापेक्ष सितंबर 2025 में बढ़कर **₹89.63** हो गई।

## प्रमुख विशेषताएं (जून 2025 के सापेक्ष सितम्बर 2025 को समाप्त तिमाही)

- **निवल लाभ** जून 2025 में **₹2973** करोड़ के सापेक्ष सितम्बर 2025 में तिमाही-दर-तिमाही **1.51%** बढ़कर **₹3018** करोड़ हो गया।
- **शुल्क आधारित आय** जून 2025 में **₹790** करोड़ के सापेक्ष सितम्बर 2025 में तिमाही-दर-तिमाही **5.0%** बढ़कर **₹830** करोड़ हो गई।
- **निवेश पर प्रतिफल** (YoI) जून 2025 में **6.96%** के सापेक्ष सितंबर 2025 में तिमाही-दर-तिमाही **7 बीपीएस** बढ़कर **7.03%** रहा।
- **निवल ब्याज मार्जिन (NIM) देशी** सितंबर 2025 में **3.34%** रहा।
- **सकल अनर्जक आस्तियां** जून 2025 में **3.01%** के सापेक्ष **41 बीपीएस** की कमी के साथ सितंबर 2025 में **2.60%** हो गईं, **एनएनपीए** जून 2025 में **0.18%** से घटकर सितंबर 2025 में **2 बीपीएस** कमी के साथ **0.16%** हो गईं।

## प्रमुख विशेषताएं ( सितम्बर 2024 के सापेक्ष सितम्बर 2025 को समाप्त छमाही)

- **निवल लाभ** वित्त वर्ष 25 की प्रथम छमाही में **₹5110** करोड़ के सापेक्ष वित्त वर्ष 26 की प्रथम छमाही में वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि **17.24%** के साथ **₹5991** करोड़ रहा।
- **परिचालन लाभ** वित्त वर्ष 25 की प्रथम छमाही के **₹9230** करोड़ के सापेक्ष वित्त वर्ष 26 की प्रथम छमाही में **4.08%** वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ **₹9607** करोड़ रहा।
- **निवल ब्याज आय** वित्त वर्ष 25 की प्रथम छमाही के **₹12372** करोड़ के सापेक्ष वित्त वर्ष 26 की प्रथम छमाही में **4.35%** वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ **₹12910** करोड़ रहा।
- **निवल ब्याज मार्जिन (NIM) देशी** वित्त वर्ष 26 की प्रथम छमाही में **3.35%** रहा।

- **आस्तियों पर प्रतिलाभ** (RoA) वित्त वर्ष 25 की प्रथम छमाही में **1.26%** के सापेक्ष **7 बीपीएस** वृद्धि के साथ **1.33%** रहा।
- **क्रेडिट लागत** वित्त वर्ष 25 की प्रथम छमाही में **0.68%** के सापेक्ष वित्त वर्ष 26 की प्रथम छमाही में वर्ष-दर-वर्ष **41 बीपीएस** सुधरकर **0.27%** रहा।
- **इक्विटी पर प्रतिलाभ (RoE)** वित्त वर्ष 26 की प्रथम छमाही में **19.93%** रहा।

**नेटवर्क**

- बैंक की **5955** देशी शाखाएं (**3** डीबीयू सहित) हैं जिनमें से **2001** ग्रामीण, **1587** अर्ध-शहरी, **1189** शहरी एवं **1178** महानगरीय शाखाएं हैं। बैंक की **3** विदेशी शाखाएं एवं **1** आईबीयू (गिफ्ट सिटी शाखा) है।
- बैंक के **5565** एटीएम एवं बीएनए और **15598** बैंक मित्र (बीसी) हैं।

**डिजिटल बैंकिंग**

- डिजिटल चैनलों के माध्यम से वित्त वर्ष 26 की प्रथम छमाही में **₹1,23,585** करोड़ का कारोबार हुआ। अब तक कुल **132** डिजिटल जर्नी, उपयोगिताओं एवं प्रक्रियाओं को शुभारंभ किया गया है।
- मोबाइल बैंकिंग उपयोगर्कताओं की संख्या वर्ष दर वर्ष **17%** बढ़कर **2.11** करोड़ हो गई है।
- यूपीआई उपयोगकर्ता एवं नेट बैंकिंग उपयोगकर्ताओं की संख्या वर्ष-दर-वर्ष आधार पर **24%** और **6%** की वृद्धि के साथ क्रमशः **2.41** करोड़ और **1.17** करोड़ तक पहुँच गई है। डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड दोनों के उपयोगकर्ताओं की संख्या में **5%** की वृद्धि हुई है।

**पुरस्कार एवं प्रशस्तियां:**

- इंडियन बैंक को राजभाषा हिन्दी के उत्कृष्ट कार्यान्वयन हेतु **राजभाषा कीर्ति पुरस्कार 2025** के तहत **'तृतीय पुरस्कार'** से सम्मानित किया गया है।
- बैंक को क्लाउड प्रौद्योगिकी और नवाचार में अपने नेतृत्व के मान्यतास्वरुप **वीएमवेयर इंडिया** से **क्लाउड लीडर- इंडिया 2025** पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- इंडियन बैंक के मुख्य वित्तीय अधिकारी को **डीएसआईजे 2025 सीएफओ अवाड्र्स** में बैंक (लार्ज कैप श्रेणी) के **सर्वश्रेष्ठ सीएफओ** के रूप में सम्मानित किया गया।

**हमारा फोकस**

हमारा ध्येय गत्यात्मक वातावरण में सक्रियता बनाए रखने, पारदर्शिता के माध्यम से विश्वास को सुदृढ़ करने एवं वैयक्तिकृत अनुभव प्रदान करने हेतु सतत प्रयासरत रहना है। हम दीर्घकालिक सफलता हेतु नवाचार में निवेश, वंचित वर्गों तक बैंक की पहुँच का विस्तार और अपनी आधारशिला को मजबूत कर रहे हैं।